हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 14 मार्च 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री



2 10 मीटर की दूरी तय करने 1 किमी का सफर कर रहे वार्ड क्रमांक 14 के निवासी

न्यू बैच प्रारंभ
CGPSC/VYAPAM
शिक्षक भर्ती/ CGTET
छात्रावास अधीक्षक / आरक्षक भर्ती
सिद्धार्थ ट्यूटोरियल्स
पता-बनारस रोड अम्बिकापुर
मो. 07774359610, 6264579696, 9669166180

## खबर संक्षेप

### अध्यापन कार्य में रूचि नहीं रखने पर शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**बलरामपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजपुर के प्राचार्य एवं शिक्षकों को अध्यापन कार्य में रूचि नहीं रखने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संस्था में अध्ययनरत कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों उनके आसान प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाने संबंधी शिकायत डीईओ के संज्ञान में आई थी। डीईओ ने स्कूल प्राचार्य विजय तिर्की, संविदा प्रधान पाठक जयंत राणा, संविदा सहायक शिक्षक अंकित कुमार तिर्की, अलोक कुमार गुप्ता, खुशबू जायसवाल, ममता रूबि कुजूर, पूजा तिर्की को अध्यापन कार्य में कोई रुचि नहीं रखने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के अंदर प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।




### वित्तीय विषय 2024-25 का बजट संशोधन के साथ महापौर परिषद में पास

# निगम ने एमआईसी में पेश किया 3.29 करोड़ के घाटे का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- आचार संहिता लगने पर नहीं हो पाएगा सदन में पेश

नगर निगम ने एमआईसी की बैठक में अपने वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रस्तावित बजट पेश किया गया। महापौर डॉ. अजय तिर्की ने 5 अरब 17 करोड़ 7 लाख 81 हजार रुपए आय व 5 अरब 20 करोड़ 36 लाख 98 हजार रुपए व्यय के साथ 3 करोड़ 29 लाख 17 हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया। बैठक में महापौर परिसद के सदस्यों की सलाह व सहमति के बाद संशोधन के साथ इस बजट को पास कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि इसी महीने में लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता लग जाएगी ऐसे में निगम सरकार सामान्य सभा में अपने बजट को पेश नहीं कर पाएगी।

हालांकि इस बजट में भी नगर निगम में करों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की है। बुधवार को महापौर डॉ. अजय तिर्की द्वारा एमआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में महापौर डॉ. तिर्की ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव होने वाले है और उसके लिए जल्द ही आदर्श आचार संहिता लग जाएगी। आदर्श आचार संहिता के कारण नगर निगम सामान्य सभा आयोजित नहीं कर पाएगी इस लिए आज महापौर परिषद की बैठक बुलाई गई है। बैठक में महापौर ने नगर निगम के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 5 अरब 17 करोड़ 7 लाख 81 हजार रुपए आय व 5 अरब 20 करोड़ 36 लाख 98 हजार रुपए व्यय के साथ 3 करोड़ 29 लाख 17 हजार रुपए घाटे का बजट पेश किया। इस बजट में जनता को राहत देने के लिए करों में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा आय में वृद्धि करने के लिए कई प्रावधान किए गए है। बैठक में परिषद के सदस्यों ने आय व व्यय को लेकर अपने सुझाव दिए जिसमें शासन को ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने पर चर्चा की गई। इस दौरान एमआईसी सदस्य व लोनिवि प्रभारी शफी अहमद, सहित अन्य सदस्यों ने अपनी सहमति जारी की। जिसके बाद संशोधन के साथ इस बजट को एमआईसी में पास कर दिया गया। हालांकि एमआईसी की बैठक के सात दिनों के बाद सामान्य सभा की बैठक बुलाने का प्रावधान है लेकिन इस बीच लोकसभा चुनाव के आदर्श आचार संहिता लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में निगम सरकार सामान्य सभा में इस बजट को पेश नहीं कर पाएगी यही वजह है कि बजट को एमआईसी की स्वीकृति के बाद शासन के पास भेज दिया जाएगा। बता दें कि नगर निगम द्वारा विगत वर्ष 4 अरब 12 करोड़ 37 लाख 84 हजार आय व 4 अरब 13 करोड़ 7 लाख 20 हजार व्यय के साथ 69.36 लाख रुपए घाटे का बजट पेश किया गया था।


बैठक में बजट पर चर्चा करते सदस्य।

### पुष्प वाटिका के व्यावसायिक उपयोग की स्वीकृति

आज बैठक के दौरान महापौर ने बताया कि प्रावधान के तहत उद्यान पार्क के 15 प्रतिशत भूमि का निकाय द्वारा व्यावसायिक उपयोग किया जा सकता है। ऐसे में सरगवां उद्यान पुष्प वाटिका में बच्चों के लिए झूला व अन्य खेल गतिविधियों के लिए प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही पुष्पवाटिका एवं स्वच्छता चेतना पार्क के शुल्क में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लोनिवि प्रभारी शफी अहमद, ननि आयुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहमति प्रदान की। इसके साथ ही शहर में विकास कार्यों के तहत 6 जोन में डामरीकृत सड़कों के निर्माण, रिनिवल, संधारण-मरम्मत के लिए 9 करोड़ रुपए की स्वीकृति राशि स्वीकृति की प्रत्याशा में दी गई। वहीं निकाय क्षेत्र में जोन क्रमांक 1, 3 व 4 में भवन, नाली व अन्य निर्माण कार्यों, मरम्मत, संधारण के लिए वार्षिक निविदा की स्वीकृति राशि की प्रत्याशा में दी गई है।

### 93 लाख से पाइप लाइन का विस्तार

एमआईसी की बैठक में अमृत मिशन के तहत छूटे हुए पाइप लाइन विस्तार का कार्य 93 लाख रुपए की लागत से करने की स्वीकृति दी गई है। जबकि सेनेटरी पार्क स्थित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट व टर्सरी एसएलआरएम सेंटर के लिए 103 लाख रुपए की स्वीकृति 15 वें वित्त की राशि से प्रदान की गई। बैठक में बताया गया कि सियान सदन के संचालन का अधिकार सीनियर सिटीजन फोरम को देने की मांग की गई है। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि शहर में कई फोरम कार्यरत है ऐसे में निगम ने तय किया कि निगम सियान सदन के अधीन रहेगा और जरूरत के अनुसार सभी संघ इसका उपयोग कर सकेंगे।

**दो आरोपियों को पुलिस ने कवर्धा से किया गिरफ्तार**

# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 1.65 लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

डेढ़ वर्षों में रकम दो गुना करने का झांसा देकर ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कवर्धा क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के साथ ही रकम दो गुना करने का झांसा देकर ठगी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत मेंड्राकला निवासी संजय दास व उसके रिस्तेदार की मुलाकात कवर्धा क्षेत्र के नारायण साहू एवं योगदत्त साहू से हुई थी। इस दौरान उन्होंने संजय दास 2 उसके रिश्तेदारों को बताया कि उनकी ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एक्सपर्ट एफेक्स में निवेश करने पर डेढ़ वर्षों में रकम दो गुना करके दिया जाएगा। ठगों ने झांसे में आकर संजय दास व उसके रिश्तेदार ने 8 व 17 नवंबर 2022 को नगद व फोन पे के माध्यम से 1 लाख 65 हजार रुपए लिए थे। रुपए लेने के बाद कंपनी के लोगों से उनका संपर्क नहीं हो पाया और जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो आरोपी उन्हें झूठे आश्वासन देने लगा। ऐसे में ठगी का एहसास होने पर 11 मार्च को संजय दास ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में धारा 420, 34 के अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम साइबर सेल से मिली तकनीकी सहायता के आधार पर कवर्धा के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर जिला कवर्धा पिपरिया के ग्राम रमेली निवासी 26 वर्षीय नारायण साहू व नवघटा निवासी 42 वर्षीय योग दत्त साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे वर्ष 2022 में ऑनलाइन ट्रेडिंग का काम करते थे और आरोपियों ने एक्सपर्ट एफेक्स कंपनी का प्रचार प्रसार कर अन्य लोगों को कम्पनी में निवेश करने के लिए जोड़ा गया और डेढ़ वर्ष में रकम दो गुना होने का झांसा देकर आरोपियों ठगी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों ने संजय दास से भी 1 लाख 65 हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, राजेंद्र तिर्की, सैनिक अनिल साहू शामिल रहे।



### चोरों ने बाजार से पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** अजिरमा नेपाली पारा निवासी मिथुन देवनाथ आ. राजकुमार देवनाथ (33 वर्ष) रविवार को साप्ताहिक बाजार अजिरमा में खरीदारी करने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीबी 5461 से गया था। युवक स्कूटी को बाजार परिसर में खड़ा कर सब्जी खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

ORIENTAL PUBLIC SCHOOL
Hills Park Ambikapur (C.G.)
ENGLISH MEDIUM
Co-Ed, Affiliated to CBSE, Delhi
Classes Run-Nursery to Class-XII
Vacancy Announcement
The school requires suitable PGT, TGT, PRT teachers for English, Physics, Commerce, Maths, PE/Sports, S. St., Office Staff-PRO. Applicants must have good command in English. Trained and experienced will be preferred. Attractive salary and other benefits as per CBSE norms. Candidates may appear with their Bio Data at the school campus on 17 March (Sunday) -2024 between 10:00 am to 12:30 pm. For querry :-
Mo.-9669684086, 8815696592 Principal

BRILLIANT PUBLIC SCHOOL ®
विद्या
ESTD. 2001
VASUNDHARA
Brilliant Public School
Igniting Wisdom



Let Your Child Be Good At Life
Not Just In Subjects
BEST EDUCATION IN AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN SESSION 24-25
MONTESSORI TO CLASS VII
• NEP 2020 Aligned CBSE Based Curriculum • 20:1 Student Teacher Ratio • AC Transport is available.
FACILITIES : YOU NAME IT AND WE HAVE IT
City Office Address: In front of Nagar Nigam Office, Kedarpur, Ambikapur, (C.G.)
School Campus : Near Vasundhara Green Valley, Lalmati, Raigarh Road, Ambikapur (C.G.)
8985 44 2000, 8985 44 3000
Bpsv@brilliantabkp.com | Info@brilliantabkp.com | www.brilliantabkp.com
Visit Our Website
Required Applications are invited for: PRT & TGT (All subjects) | LIBRARIAN | FRONT OFFICE
Fluency in English is a must & Salary no bar for deserving candidates.
SEND YOUR RESUME TO: careers@brilliantabkp.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### पशु तस्करों को ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के सुपुर्द

**अंबिकापुर।** पशु तस्करी के मामले में उदयपुर की केदमा चौकी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 15 रास मवेशी बरामद किया है और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। उदयपुर अंतर्गत केदमा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत ग्राम कुमडेवा निवासी युगेश्वर यादव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि राम प्रसाद मझवार व विजय कुमार द्वारा मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। ग्राम पंचायत सायर के सरपंच सरजू सिंह व ग्रामीणों की मदद से तस्करों को पकड़ा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा केदमा के ग्राम मतरिंगा निवासी 40 वर्षीय राम प्रसाद मझवार व 35 वर्षीय विजय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने जंगल के रास्ते मवेशियों की तस्करी करने और उन्हें पैदल हाकते हुए बूचड़खाना ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 15 रास मवेशी, 2 नग डंडा बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में पशु क्रूरता अधिनियम 11(01)(क), छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत गिरफ्तार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मैं सुशील शुक्ला अधिवक्ता, रिंग रोड, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा छ.ग. अपने पक्षकार श्रीमती सीयारानी शुक्ला पत्नी स्व.राममनोहर शुक्ला, निवासी - शिवधारी कॉलोनी, अम्बिकापुर, सरगुजा, छ.ग. से अधिकृत होकर सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार तथा उनके पति स्व.राममनोहर शुक्ला द्वारा अपने बड़े पुत्र हरिओम शुक्ला राजा जो इन्दौर, म.प्र. का निवासी है, उसके असद्भाविक व्यवहार एवं असामाजिक आचरण के कारण उसका परित्याग परिवार द्वारा पूर्व में ही किया जा चुका है। मेरे पक्षकार तथा उनके पति स्व.राममनोहर शुक्ला द्वारा अपने बड़े पुत्र हरिओम शुक्ला राजा को भूमि एवं मकान सतना, म.प्र. में रकबा 1.25 एकड़ भूमि खरीदकर उसके जीविकोपार्जन की व्यवस्था की गई थी, परन्तु पुत्र हरिओम शुक्ला राजा द्वारा उसे दी गई सम्पत्ति का अवैधानिक तरीके से विक्रय कर विवाद की स्थिति निर्मित करते हुए अपनी वैद्य ब्याहता पत्नी एवं बच्चों का परित्याग कर दिया था। जिसके कारण मेरे पक्षकार सीयारानी शुक्ला एवं उनके पति द्वारा अम्बिकापुर, सरगुजा, छ.ग. स्थित अपनी सम्पूर्ण भूमि, आवासीय मकान से बड़े पुत्र हरिओम शुक्ला राजा को पृथक करते हुए पंजीकृत वसीयतनामा संयुक्त तौर पर छोटे पुत्र मनोज शुक्ला के पक्ष में निष्पादित कर अपने सारे सम्बन्ध पुत्र हरिओम शुक्ला राजा से पूर्व में ही समाप्त कर चुके हैं। उपरोक्तानुसार हरिओम शुक्ला राजा आ. स्व.राममनोहर शुक्ला से किसी भी प्रकार का समव्यवहार करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार रहेगा। उक्ताशय से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु अधिकृत अधिवक्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपरोक्तानुसार सूचना जन साधारण हेतु प्रकाशित ।

भवदीय
सुशील शुक्ला अधिवक्ता
रिंग रोड, नमनाकला, अम्बिकापुर, छ.ग.
मो.नं.- 9826173906

## कब्जा विवाद के कारण पूर्ण नहीं हो पाया सड़क निर्माण

# 10 मीटर की दूरी तय करने 1 किमी का सफर कर रहे वार्ड क्रमांक 14 के निवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

आधे अधूरे सड़क निर्माण के कारण वार्डवासियों को 10 मीटर की दूरी को तय करने लिए एक किलोमीटर लम्बे रास्ते को तय करना पड़ रहा है। महज 10 मीटर सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की शिकायत अधिकारियों से किए जाने के बाद भी अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। दरअसल वार्ड क्रमांक 14 में गौरव पथ मुख्य मार्ग पानी टंकी के पास से बिजली ऑफिस तक जाने के लिए सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा था। सड़क के निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है लेकिन सड़क के अंतिम छोर पर एक व्यक्ति द्वारा सड़क की जमीन पर कब्जा किया गया और कब्जे की जमीन को लेकर विवाद के कारण सड़क निर्माण का कार्य बंद हो गया। महज 10 मीटर सड़क का निर्माण नहीं हो पाने के कारण वार्ड के नागरिकों को एक किलोमीटर की दूरी तय कर दूसरे रास्ते से आवागमन करना पड़ता है। वहीं सड़क निर्माण के साथ ही नाली का निर्माण अधूरा रहने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़क पर ही बहाया जा रहा है और इससे क्षेत्र के लोगों को कीचड़, बदबू से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों द्वारा इस मामले की शिकायत जन समस्या निवारण शिविर, कलेक्टर, नगर पालिका में भी की थी लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे में वार्ड वासियों में रोष का माहौल है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से शिकायत हमारे पास आई थी। तहसीलदार को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित किया जा चुका है। प्रकरण में क्या कार्रवाई हुई फीडबैक लेकर प्रयास किया जाएगा कि द्वारा सड़क मार्ग पर कब्जा किया हो तो अवैध कब्जा को भी हटाया जाए और सड़क का निर्माण पूर्ण हो सके। मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रणव राय ने बताया कि बाकी वार्ड वासियों की समस्या के निदान हेतु पूरा प्रयास किया जाएगा।

**खास बात**

- घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़क पर बह रहा



वार्ड क्रमांक 14 की बदहाल सड़क।

# प्रतिबंधित क्षेत्र में चिकन- मटन दुकान संचालन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम व पुलिस विभाग द्वारा गांधीनगर क्षेत्र में संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर संचालित चिकन-मटन की दुकानों को मेरिन ड्राइव के मटन मार्केट में शिफ्ट कराया गया। अधिकारियों द्वारा दुकान संचालकों को समझाइश देकर दुकानों को निर्धारित स्थान पर लगाने का निर्देश दिया गया इसके साथ ही पुनः रिहायशी क्षेत्र में दुकान संचालन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि नगर निगम द्वारा चिकन मटन व मछली दुकानों के संचालन के लिए मेरिन ड्राइव के सामने मटन मार्केट में दुकानों का निर्धारण किया गया है लेकिन इसके बाद भी शहर के कई हिस्सों में चिकन मटन की दुकानें संचालित की जा रही है। जिसकी शिकायत वार्डवासियों द्वारा नगर निगम से की गई थी। शिकायत के बाद संयुक्त टीम द्वारा शहरी क्षेत्रों में चिकन मटन दुकान संचालन के खिलाफ अभियान के तहत थाना गांधीनगर अंतर्गत क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस दौरान रिहायशी क्षेत्रों में संचालित चिकन-मटन दुकानों के संचालकों को बताया गया कि खुले स्थानों मे मांस बिक्री करना प्रतिबंधित है। टीम द्वारा दुकानों को बंद कराने के साथ ही मेरिन ड्राइव के मटन मार्केट में स्थानांतरित करने की कार्रवाई की गई। संचालकों को अपनी दुकानें मैरिन ड्राइव स्थित मटन बाजार में लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्रतिबंधित क्षेत्र में पुनः मटन-चिकन दुकान का संचालन करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निगम व पुलिस विभाग की यह कार्रवाई निरंतर रुप से जारी रहेगी।

- नगर निगम व पुलिस विभाग की टीम ने मेरिन ड्राइव स्थित मटन मार्केट में कराया शिफ्ट




दुकान संचालक पर कार्रवाई करती नगर निगम की टीम।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल वसुंधरा में स्पर्धा के विजेता के बच्चे पुरस्कृत




**अंबिकापुर।** । ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की अपनी विशिष्ट पहचान पूरे छत्तीसगढ़ मे, शिक्षा के उच्च स्तर के लिये ख्याति प्राप्त है। अम्बिकापुर में हाल ही प्रारंभ की गई, ब्रिलियंट स्कूल वसुंधरा अपनी विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के साथ इसमें आउटडोर व इंडोर खेलो की उपलब्ध सुविधाएं भी उपलब्ध है। यहाँ सीबीएसई आधारित पाठ्यक्रम के साथ ही एमईजी 2020 शिक्षा प्रणाली 20:1 कास्टुडेंट टीचर रेशियो, एसी ट्रांसपोर्ट भी उपलब्ध कराये गये है। स्कूल में 2024-25सत्र में प्रवेश जारी है और नया सेशन 1अप्रेल से शुरू हो रहा है।बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को ध्यान मे रखकर , 10 मार्च को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कलरिंग काम्पिटिशन -नरसरी से यूं केजी -प्रथम अहान सिद्धक्की, द्वितिय अकृती मिश्रा, तृतीय रितिक लकरा मेक यूअर पथ-नरसरी से यूकेजी– प्रथम राघव अग्रवाल, द्वितिय श्रेयांश पाण्डेय, तृतीय आकृति आनंद कलरिंग काम्पिटिशन -क्लआस 1व2– प्रथम केशव अग्रवाल, द्वितिय देवांश बिश्वास, तृतीय समरिद्धी सिंग

स्प्रिंगिंग क्लास 1 -2– प्रथम शोर्य गुप्ता, द्वितिय कुलदीप सिंग, तृतीय संस्कृति सिन्हा, चतुर्थ आर्यवीर दिवेदी जलेबी रेस- क्लास 3से5– प्रथम वरूण कुमार पाण्डेय, द्वितिय इबा खान, तृतीय साक्षी सिंग बैलेंसिंग द स्टीक क्लास 3से 5– प्रथम इतेश दुबे, द्वितिय समीक्षा सिंग, तृतीय अदिती त्रिपाठी फूटबॉल टोस -क्लास 6से7– प्रथम अंकान डे, द्वितिय रोनित चार्लेस टिर्की और पैरेंट्स के म्यूजिकल चेयर – प्रथम इब्राहिम खान, द्वितिय दीपा सिंह बघेल रहे। स्कूल में उपरोक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 12 मार्च को प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन किया गया, जिससे विद्यार्थियों एवं पैरेंट्स ने हर्ष व्यक्त किया।

**एजुकेशन प्लस**

# गणपति धाम के नाम से जाना जाएगा शहर का ऑक्सीजन पार्क





महामाया पहाड़ पर वन विभाग द्वारा निर्मित आक्सीजन पार्क, जो कि अब गणपति धाम के नाम से जाना जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मां महामाया मंदिर के समीप महामाया पहाड़ पर वन विभाग द्वारा निर्मित ऑक्सीजन पार्क को अब गणपति धाम के नाम से जाना जाएगा। राज्य सरकार ने इसके निहित आदेश भी जारी कर दिया है। शहर का मुकुट कहा जाने वाला महामाया पहाड़ शुरू से ही आकर्षण का केन्द्र रहा है लोग वहां घूमने फिरने जाया करते है और वह अब पर्यटन क्षेत्र के रूप में भी जाना जाने लगा है इसी पहाड़ पर हाथी नुमा पत्थर पाए जाने के बाद उस क्षेत्र को हाथी पखना के नाम से भी जाना जाने लगा। बाद में भाजपा नेता भारत सिंह सिसोदिया ने "बाल गंगाधर तिलक" नाम से समिति का गठन कर शहर के उर्जावान लोगों के साथ वहां प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के समय नियमित पूजा पाठ शुरू किया। इस दौरान समिति द्वारा शहर में वृहद पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा। पूर्व के भाजपा शासनकाल में ही इस क्षेत्र को राज्य सरकार के पहल पर पर्यटन स्थल का रूप देने, विश्रामगृह, वॉच टावर आदि का निर्माण कर ऑक्सीजन पार्क के रूप में विकसित किया गया था। किन्तु बाल गंगाधर तिलक समिति इस ऑक्सीजन पार्क को "गणपति धाम " का नाम दिए जाने की मांग लगातार कर रहा था। इसी को लेकर पिछले गणेश चतुर्थी में 551 पंडितों द्वारा शंख बजाकर बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आज जब दुबारा भाजपा की सरकार बनी तो फिर से "बाल गंगाधर तिलक समिति " के सदस्यों ने भारत सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उक्त ऑक्सीजन पार्क का नाम गणपति धाम करने की मांग रखी थी जिस पर राज्य सरकार ने समिति की मांग पर शहर के ऑक्सीजन पार्क का नाम "गणपति धाम" करने की घोषणा के साथ ही इस आशय का आदेश भी जारी कर दिया।

### युवक से मारपीट अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** अजबनगर निवासी प्रकाश सरकार आ. विधान सरकार (27 वर्ष) सोमवार की रात बहन को छोड़ने लटोरी से अम्बिकापुर आ रहा था रात लगभग 10.30 बजे कोचिंग सेन्टर के सामने खड़ा था तभी प्रियांशु शर्मा, विनय शर्मा उसकी बहन के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसे देख प्रकाश ने मना किया तो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202402020700118**
वविषय :- ब -121 मामले की श्रेणी :- राजस्व सनः- 2023-2024
मणीपुर प.ह.न. 00022 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-मनोज कुमार भगत,
अनावेदक पक्षकार-कोई नहीं,

**ईश्तहार**

आवेदक मनोज कुमार भगत आ.स्व.जगेश्वर भगत, निवासी ग्राम बंदना, थाना सीतापुर, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नंबर 377/4 रकबा 0.052 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक व उसकी पत्नी सुरजंना भगत के मध्य रिस्ता में त्रुटिवश पिता-पुत्री दर्ज कर दिया गया है जो गलत है। आवेदक व उसकी पत्नी के मध्य वास्तविक/सत्य एवं सही रिस्ता श्रीमती सुरंजना भगत पति मनोज कुमार भगत राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रदिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/4/24 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2024 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील, अम्बिकापुर

# बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा लोगों से बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्गम उल्लंघन हैं।

बाल विवाह से पोषण व शिक्षा पाने और हिंसा, उत्पीड़न व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में विवाह से बालिका का शारीरिक विकास रूक जाता है जिसका उनके स्वास्थय पर गंभीर असर पड़ता है। जल्दी विवाह अर्थात जल्दी माँ बनना इसके कारण कम उम्र में मॉ और उसके बच्चें दोनों की जान और सेहत खतरे में पड़ जाती है। कम उम्र की माँ के नवजात शिशुओं का वजन कम रह जाता है और उनके कुपोषित होने की आशंका रहती है। बाल विवाह की रोकथाम में शासन प्रशासन का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल रामनवमी के दिन से वैवाहिक सीजन शुरू हो जाता है। अक्षय तृतीया के दिन भी बड़ी संख्या में शादियों होती है। ग्रामीण अंचलों में तो आर्थिक रूप से कमजोर परिजन अपने बच्चों की कम उम्र में ही शादी कर देने तैयार हो जाते है जो कि कानूनन गलत है।

ऐसे बालक-बालिका जो कि नाबालिक है उनकी शादी न हो, उनके लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से सक्रिय है। जिले में बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग जिले में नजर रखने की तैयारी कर चुका है। जिले के साथ ग्रामीण अंचल में काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के माध्यम से किसी भी गांव या शहर के कम उम्र के बालक या बालिका की शादी न हो इसकी मॉनिटरिंग शुरू कर दी गई है।

21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कानूनन प्रतिबंधित है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है, उसमें सहायता करता है, बाल विवाह को बढ़ावा देता है, उसकी अनुमति देता है अथवा बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उनके विरूद्ध 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना तक हो सकता है।

***बलरामपुर।** कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने होली पर्व के अवसर पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी इस दिन मदिरा का विक्रय-परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

**न्यायालय-प्रथम न्यायाधीश वर्ग 2 अम्बिकापुर के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग.**
प्रो.नं. 75/24
व्यव.वा.प्र.क्र. 215 अ/2022
आगामी पेशी तिथि - 02/04/2024

लल्लू रजवार व अन्य
प्रति
भरत राम राजवाड़े वगै.

**नोटिस/ईश्तहार**

बनाम :-
श्याम देवी पति रामकिशुन अग्रवाल, निवासी दरिमा मोड़, कांतिप्रकाशपुर अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

आपको नोटिस/ईश्तहार के माध्यम सूचित किया जाता है इस न्यायालय में वादी/आवेदकगण द्वारा आपके विरूद्ध व्यव.वा.प्र.क्र. अ 215/2022 न्यायालय - प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 अम्बिकापुर के न्यायालय के द्वतीय अतिरिक्त न्यायाधीश अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा छ.ग. के समक्ष घोषणार्थ विभाजन एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय द्वारा प्रकरण में प्रतिवादीगण को न्यायालय में उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित की गई थी। किन्तु प्रतिवादीगण को नोटिस की तामिली न हो पाने के कारण प्रकरण में पेशी तिथि बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रतिवादीगण को न्यायालीय प्रकरण में उपस्थिति होने हेतु नोटिस /ईस्तहार का प्रकाशन कराया जा रहा है।

अतः आपको इस नोटिस/ईस्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक - 02.04.2024 को न्यायलयीन समय दिन में 11.00 बजे उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में अथवा किन्हीं कारणवश न्यायालयीन स्थगित होने पर प्रकरण की सुनवाई अगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(कु. जेनिफर लकड़ा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 अम्बिकापुर के न्यायालय के द्वतीय अतिरिक्त न्यायालय अम्बिकापुर
जिला - सरगुजा (छ.ग.)

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉक: 10 मार्च 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 7354260555

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
15 मार्च 2024 दिन शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
डॉ.स्नेहिल गोस्वामी
सलाहकार - हृदय रोग
एनएच, एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
दिनांक 17 मार्च 2024, रविवार
समय: सुबह 10 बजे से 4 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 10 मार्च 2024, रविवार
समय: 03 बजे से 07 बजे तक
डॉ. सिद्धार्थ साहू
MBBA, MS, General surgery
DNB Neurosurgery
न्यूरोसर्जन विशेषज्ञ
डॉ. नरेश देवगन
MBBS, MS, Neurosurgeon
(Brain & Spine Surgery)
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS, MD Medicine (Delhi)
DM (Gastro) BHU Varanasi
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
24/7
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

VC INSTITUTE
ADMISSION OPEN
M.A. (All Subject)
M.A. छत्तीसगढ़ी
M.SC. (All Subject)
M.COM, M.Lib, M.sc. Yoga
B.A., B.SC, B.com, B.Lib
B.sc. Yoga, B.ped, PG Diploma in Yoga
नोट - सभी कोर्स के परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं
आकाशवाणी चौक, पुराने रोजगार कार्यालय के पीछे, अम्बिकापुर 7222980129

शानदार 26 साल
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur Mob.-9826183771, 9691620315
अधिकृत सेंटर
AISECT TEPL Tally Education CSC ACADEMY
COURSE GUIDANCE
DCA | PGDCA | BCA | BA | B.LIB MSW | PGDRD | MA | Tally MBA | MSC | MCOM | M.LIB

J.A.S. ROOFINGS.
अब डुप्लिकेट JSW से बचना हुआ बहुत आसान हॉलमार्क देखकर ओरिजनल JSW कराकट लें, समझदार बनें और धोखा न खाएं
नकली शीट से बचे
NOTE :-
अब आपके शहर में JAS Roofing लेकर आया प्रोफाइल शीट Manufacfring factory
वो भी सही गुणवत्ता तथा उचित मूल्य के साथ तथा शेड बनाने का काम भी किया जाता हैं
हमारे यहाँ प्रोफाइल शीट सही मूल्य और उच्च क्वालिटी तथा गारंटी के साथ प्राप्त करे !
यहाँ किसी भी तरीके का मॉरका छापकर नहीं बेचा जाता हैं
CEO - Rajeev Gupta (jai Ambe Steel) Latori, Maheshpur 7974097610

## खबर संक्षेप

### नव पदस्त तहसीलदार नेहा ने संभाला पदभार



**भैयाथान।** तहसील कार्यालय में नव पदस्थ तहसीलदार ने बुधवार को एसडीएम सागर सिंह की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। तहसीलदार शमीर शर्मा का स्थानांतरण सूरजपुर हो जाने पर नव पदस्त तहसीलदार श्रीमती नेहा ध्रुव ने कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात तहसीलदार श्रीमती ध्रुव ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता राजस्व विभाग के सभी कार्य समय पर हों और किसानों को उनके काम के कारण परेशान न होना पड़े तथा राजस्व प्रकरणों का निपटारा समय पर हो यह भी ध्यान रखा जाएगा।


### नव पदस्थ सीएमओ विद्यासागर ने संभाला नपं का कार्यभार



**लखनपुर।** नगर पंचायत में नए नपं अधिकारी विद्या सागर चौधरी ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व नपं अधिकारी जितेन्द्र बहादुर पटेल की तबादला होने के बाद विद्या सागर चौधरी को पदस्थ किया है। श्री चौधरी ने स्थानीय निवासी होने के नाते नगर वासियों में काफी हर्ष है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने नगरीय क्षेत्र में विकास कार्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की बात कही है।

### उत्कर्ष योजना के तहत आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों ने मारी बाजी





**सीतापुर।** जवाहर उत्कर्ष योजना 2024-25 के तहत कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सीतापुर के बच्चों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस परीक्षा में नम्रता खलखो समेत चार बच्चों ने पूरे जिले में टॉप रैंक हासिल करते हुए विकासखंड का नाम रोशन किया है। जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार एसटी वर्ग से नम्रता खलखो प्रथम, सुनिधि मिंज द्वितीय एवं एल्विस टोप्पो ने तृतीय स्थान हासिल किया है। वहीं एससी वर्ग में रिया चौधरी ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके अलावा शैरुन भगत ने भी सफलता अर्जित करते हुए कक्षा 6वी में प्रवेश की पात्रता हासिल की है। गौरतलब है कि बीइओ कार्यालय द्वारा संचालित कैरियर कोचिंग संस्था के छात्र विगत कई सालों से प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर रहे है। उनकी इस सफलता के पीछे बीइओ मिथिलेष सिंह का मार्गदर्शन एवं शिक्षक मगलूब आलम, रवि गुप्ता, नीरज गुप्ता, श्रीमती तबस्सुम आलम की कड़ी मेहनत है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित क्र बच्चे रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे बड़े शहरों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

### साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत शिक्षकों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**भैयाथान।** ब्लॉक मुख्यालय के स्थानीय जनपद सभा कक्ष में साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत असाक्षरो के चिन्हांकन हेतु जन शिक्षकों की बैठक बुधवार को प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में साक्षरता कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए असाक्षरो व स्वयंसेवी शिक्षकों के चयन हेतु जन शिक्षकों को जिम्मेदारी सौपी गई है। साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रभारी एवं सर्वेयर की टीम बनाकर तीन दिवस के भीतर सर्वे का कार्य पूर्ण करे। साथ ही मोबाइल एप्प उल्लास में ऑनलाइन एंट्री भी समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। इस दौरान बैठक में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अजेनद्र नाथ दूबे, विकासखंड परियोजना अधिकारी दिनेश देवांगन, रणचण्डीचरण ,अरुण तिर्की, रजनी भोई, भावना ध्रुव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### जैविक खेती को प्रोत्साहित करने लगया गया स्टॉल



**प्रतापपुर।** संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा देशी बीजों का स्टाल लगाया गया और जैविक खेती को बढ़ावा प्रोत्साहन का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम कृषक उन्नति योजना खरीब 2024 प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, अनुविभागीय अधिकारी भगत तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी और ग्राम सेवक खुशी के चंपा महिला समूह के दीदी से महती वंदना की राशि के बारे पूछा गया। दीदी ने बताया कि महतारी वंदना का राशि खाते में आ गया है और जैविक दवा, देशी बीज को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। इस दौरान कामेद पैकरा, भवरनंद पैकरा, कपूरचंद, रमेश, रूपा सिंह, रुपसाय, सरोज राजवाड़े, संजय, शिवमंगल, मनियरो, सुरेन्द्र कुमार यादव, मुसाहित राजा, सुरेश कुमार यादव, कोलीका, शिव प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### मां-बहन ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

# युवक ने कमरे में गमछे के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या



परिजन से पूछताछ करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर संजय पार्क समीप निवासी युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन युवक को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मां व बहन ने पुलिस के प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा लेने का आरोप लगाया है जबकि मृतक के पिता ने पुत्र के नशेड़ी होने तथा रुपए नहीं देने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का बयान पुलिस को दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- पिता ने पैसा नहीं देने पर आत्महत्या करने का दिया बयान

जानकारी के अनुसार संजय पार्क समीप विकास प्रजापति आ. चंदेश्वर प्रजापति (25 वर्ष) बीती रात जब परिजन सो गए। इसी दौरान युवक ने अपने कमरे में सीट लगे लोहे के पाइप के सहारे गमछा से फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल स्कूटी से शहर के निजी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। मृतक की मां राधा देवी व बहन प्रियंका प्रजापति ने आरोप है कि मंगलवार की शाम पुलिस वाले घर पहुंचे और विकास लेकर थाना चले गए। जहां फिगर प्रिंट लेने के बाद प्रताड़ित करने लगे। साथ ही रुपए की मांग की गई और नहीं देने पर जिला बदर करने की धमकी दी। मां राधा देवी थाना से पुत्र के लेकर घर आई। परिजन ने बताया कि पूर्व में उसके विरूद्ध थाने में मारपीट व चोरी का प्रकरण था परंतु वर्तमान में किसी प्रकार का अपराध दर्ज नहीं था। घर आने पर विकास काफी परेशान हो गया और रात में फांसी लगा लिया।

**जांच जारी है**

संजय पार्क समीप युवक के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

**दूसरी बार लगाया था फांसी**

परिजन के मुताबिक थाने से आने के बाद विकास काफी परेशान था और बार बार फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कह रहा था। इस बीच जब वह कमरे में फांसी लगा रहा था तो परिजन देख लिए और उसे काफी समझाया जिसके बाद घर से चला गया। कुछ समय बाद घर लौटा और पुनः फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

**रुपए नहीं देने पर लगाई फांसी**

मृतक के पिता चंदेश्वर प्रजापति आ.स्व. खुसानी प्रजापति (55 वर्ष) ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि विकास घर के सीट लगे लोहे के पाइप के सहारे फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी लगाने से पूर्व विकास नशे की हालत में घर पहुंचा और मां राधा देवी से रुपए की मांग करने लगा। जिस पर राधा देवी ने 5 सौ रुपए दी परंतु वह और ज्यादा रुपए की मांग करने लगा और 5 सौ रुपए को फेंक दिया। रुपए नहीं देने पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने के साथ कमरे में फांसी लगाने लगा जिसे देख समझाइश दिए तो बाहर चला गया। कुछ समय बाद जब सो रहे थे तभी घर पहुंच अपने कमरे में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

बाइक की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम बड़ा गलौण्डा निवासी सुभाष लकड़ा आ. स्व. फलीप लकड़ा (45 वर्ष) 7 मार्च की सुबह गांव के ही गिरजा घर के समीप गया था। इसी दौरान बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की गई जान**

कीटनाशक पीने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम नमना निवासी अनूप बडा आ. जगन बड़ा (17 वर्ष) गत दिन अपने खेत में काम करने गया। इसी दौरान दोपहर को अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। साथ काम कर रहे राम खलेखा ने घटना की जानकारी उसके परिजन को दी। सूचना पर परिजन युवक को गंभीर हालत में शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**बैल के हमला करने से ग्रामीण की मौत**

घर के समीप बैल को बांध रहे ग्रामीण को बैल ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा निवासी बिरबल आ. स्व. लाल (55 वर्ष) सोमवार को घर के समीप अपने नया बैल को बांध रहा था। इसी दौरान बैल ने हमला कर दिया जिससे बीरबल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योग आसनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है. योगासन, शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को शांत करते हैं. ऐसे में यह कहा जा सकता है कि जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए योगासनों का नियमित अभ्यास आपके लिए काफी मददगार हो सकता है। भटगांव नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार से तीन दिवसीय योगाभ्यास की शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े,एमएल पाण्डेय सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग, विशिष्ट अतिथि परमेश्वरी राजवाड़े, नूतन विश्वास, सुभाष राजवाड़े, मोहन शर्मा, मार्तण्ड साहू की उपस्थिति में किया गया। योगाभ्यास निशुल्क प्रवेश रहेगा. सुबह 6 से 8 बजे तक और शाम 5 से 7 बजे तक भटगांव शिव मंदिर प्रांगण में आकर एक्सपर्ट से योग की क्रियाएं सीख सकते हैं। योग आयोग के प्रदेश सचिव एमएल पांडेय ने बताया कि योग में ऐसे आसनों का अभ्यास किया जाता है जो हमे स्वस्थ रखते हैं। सही संरेखण और श्वास तकनीकों के यदि किया जाए तो खतरनाक बीमारियों से बचाता है। मुख्य अतिथि लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं, ऐसे में योग इनके शारीरिक और मानसिक संतुलन में बेहद महत्वपूर्ण है। बदलते सामाजिक परिवेश के बीच आज महिलाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक महत्वाकांक्षी हो गई हैं वो चाहे बात अपने भविष्य की हो या फिर किसी और क्षेत्र की। आज महिलाओं की भूमिका उनकी पारंपरिक घरेलू महिलाओं या मां और बेटी की भूमिका से बिल्कुल अलग हो चुकी है। आज महिलाएं घर की चारदीवारी से निकलकर सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक जगत में लिए जा रहे फैसलों में बराबर की भूमिका अदा कर रही हैं।



## मजदूर संघ ने महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ बिश्रामपुर इकाई द्वारा बुधवार 13 मार्च को ऑफिसर्स क्लब में महामंत्री सुजीत सिंह के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर 287 नारी शक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अध्यक्षा शिवानी महिला समिति बिश्रामपुर ममता तिवारी उपस्थित रहीं,विशिष्ट अतिथि मुख्य वक्ता सुरेंद्र कुमार पांडेय उप महामंत्री भारतीय मजदूर संघ/ (अध्यक्ष सीएसीएलबी)एवं अजय तिवारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक बिश्रामपुर क्षेत्र मजरूल हक अंसारी मानकीकरण समिति सदस्य बीएमएस मंचासिन उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कुल 287 नारी शक्तियों का सम्मान अंग वस्त्र से किया गया,साथ में चार बहनें जो इस वर्ष सेवानिवृत हो रहे हैं उनको पुष्प,अंग वस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी ने कहा कि भारत देश में नारियों की पूजा की जाती है।उन्होंने कहा जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है।उन्होंने कहा कि आज देश में नारियों की स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर हुई है, आज हर क्षेत्र में नारियों ने अपनी दमदार उपस्थिति दिखाई है।चाहे वह सेना में हो अथवा राजनीति या फिर कोई अन्य क्षेत्र।कार्यक्रम को मंचासिन अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित कर नारी शक्ति पर अपनी बातों को रखा।कार्यक्रम को सफल बनाने में मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह, सरोज सिन्हा, राजेश सिंह,महेश गुप्ता, एसपी चतुर्वेदी, तजेंद्र झा विजय बहादुर सिंह सुनील सिंह, सपना बनर्जी , साधना मिश्रा सक्रिय रहीं।

## राज्य स्तरीय कायाकल्प मूल्यांकन दल ने अस्पताल की देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



निरीक्षण करते मूयांकन दल के सदस्य।

राज्यस्तरीय कायाकल्प मूल्यांकन दल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर का बुधवार को निरीक्षण किया। संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ पीसी सिसौदिया के नेतृत्व में पहुंची निरीक्षण टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कायाकल्प मे आठ प्रमुख बिंदु जिसमें हॉस्पिटल अपकीप, बायोमेडिकल वेस्ट मैनजमेंट, इको फ्रेंडली हॉस्पिटल, बियॉन्ड हॉस्पिटल जैसा प्रमुख बिंदु पोषण पुनर्वास केंद्र,प्रशव कक्ष, हमर लैब,आईपीडी विभाग,ओपीडी विभाग, दवा वितरण विभाग, दन्त चिकित्सा विभाग आदि कक्ष का सुक्षमता से बिंदुवार निरीक्षण किया गया गया। उक्त निरीक्षण में प्राप्त बिंदु का विश्लेशण टीम द्वारा अस्पताल के समस्त अधिकारी कर्मचारी के समक्ष किया गया ।टीम ने अस्पताल में उपलबध सेवाओं की प्रशंसा करते हुए मरीजों को केंद्र बिन्दु मानकर कार्य करने की सलाह दी, साथ ही राज्यस्तरीय पुरस्कार हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

राज्यस्तरीय दल में सीसी संतोष, डॉक्टर दास एव एनजीओ पार्टनर के रूप में जपाईगो के सलाहकार, डॉ प्रिंस जायसवाल डीपीएम, सूरजपुर दल के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे,दल का स्वागत खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में सम्पूर्ण कार्यक्रम संपन्न किया गया ।उक्त कार्यक्रम में डॉ शैलेश गुप्ता ,डॉअमित भगत, डॉ नुपुर, डॉ सुषमा सिंह, आरएमए गायत्री साहू ,ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुरेश वर्मा नर्सिंग सिस्टर शिवकुमारी श्रीवास,ब्लॉक अकाउंट मैनेजर संतु कुमार का ब्लॉक डेटा मैनेजर अमरेश सिंह ,मनोज लहरें, सुमन सिंह, इमरान खान नर्सिंग ऑफिसर,अनिम खेस क्राइस्ट प्रिया क्राइस्ट ,पुनम केसरी,रंभा मिश्रा आर एम एन सी एच सलाहकार फिलिप ,राजेश यादव ,विनय देवांगन व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें,कार्यक्रम के अंत मे दल के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह अस्पताल प्रबंधन की ओर से दिया गया।

## जयनगर साप्ताहिक बाजार से बाइक की चोरी

**बिश्रामपुर।** बाजार करने पहुंचे युवक की अज्ञात चोरों ने बाइक पार कर दी।बताया गया कि पार्वतीपुर निवासी समय लाल उरांव सोमवार 11 मार्च को बाजार करने सोमवार साप्ताहिक बाजार जयनगर गया था।बाइक खड़ी कर वह सब्जी खरीद रहा था, इसी बीच अज्ञात चोरों ने उसकी होंडा साइन बाइक को चुरा लिया ।बता दें कि इन दिनों बाइक चोर गिरोह जिले में सक्रिय है, अभी गत नौ मार्च को जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर निवासी निरंजन राय की बाइक को उसके किराना दुकान से पार कर दिया था।दोनों मामलो में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर चोरों की पता तलाश में जुटी है।

## भाजपा सरकार ने पूरा किया किसानों से किया वादा : अनिल

**सीतापुर।** कृषक उन्नति योजना के तहत विकासखंड स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन सांस्कृतिक भवन में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री अनिल अग्रवाल, किसान मोर्चा से रोशन गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, सुनील गुप्ता शामिल हुए। इस दौरान अनिल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे अवश्य पूरा करती है। चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी थी उसे आज प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों के खाते में अंतर की राशि जमा कर अपना वादा पूरा किया। प्रभात खलखो ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीब किसान शोषित दलित मजदूर सबका ध्यान रखती है। भाजपा सरकार जो भी योजना बनाती है उसमें सभी वर्गों को लाभ मिलता है। रोशन गुप्ता ने कहा कि गारंटी योजना के तहत दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं से किया अपना वादा पूरा किया। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आरएईओ शैलेंद्र विशी एवं आभार प्रदर्शन एसएडीओ हरिलाल एक्का ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष शांति देवी, धर्मेंद्र अग्रवाल, मोती गुप्ता, नीरू मिस्त्री, पार्षद रूपेश गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष कौशलेंद्र इलू गुप्ता, विजय गुप्ता, किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता आदि मौजूद थे।

- कृषक उन्नति योजना के तहत किया गया किसान सम्मेलन



## सांसद प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने की भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात



**प्रतापपुर।** लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद प्रत्याशी चितामणि महाराज ने भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एवं विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के साथ भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर लोक सभा चुनाव के तैयारी एवं रणनितियों पर विस्तार से चर्चा की। विधानसभा चुनाव के अनुभव एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी,राजकुमार गुप्ता,गिरीश पटेल, शिव शंकर जायसवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के जीत और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया एवं आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा घोषित लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को प्रतापपुर विधानसभा से अधिक मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया। चिंतामणि महाराज ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा मेरी कार्यप्रणाली सभी के अनुरूप होगी आज मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास कर रहा है। सबके सहयोग से अबकी बार 400 पर का संकल्प पूरा होगा। इस दौरान प्रेम पाल अग्रवाल, अंबिका जायसवाल, प्रवीण दुबे, दुर्गा सिंह, मुकेश तायल, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता, अजय जायसवाल, अवधेश पांडेय, अवधेश गुप्ता, विजय जायसवाल, निलेश जायसवाल, चंद्रिका यादव, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, श्रीमती कालिंद्री बाई, जाहिद अंसारी, राम जायसवाल, सुमेर सिंह पैकरा, विक्रम नामदेव, विक्रम प्रताप सिंह, विकास तिवारी, प्रशांत सिंह, आकाश मित्तल, शिवम गोयल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुई नौ दिवसीय कथा

# शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



कथा में शामिल श्रद्धालु।

ग्राम मोहनपुर देवस्थान नाग झरिया में विशाल व भव्य शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथा वाचन देवेश तिवारी महाराज द्वारा विधि विधान से कराया जा रहा है। 6 से 13 मार्च तक आयोजित कथा में कुल नौ दिवसीय कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के जानकारियों से अवगत कराते हुए यज्ञ और कथा पाठ पूजा अर्चना किया जा रहा। जहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर कथा का अवलोकन कर आत्मसात भी कर रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रथम दिवस 51 कलश भरकर माताओ ने बाजे गाजे के साथ नाग झरिया में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया था। दूसरे दिवस कथा प्रारम्भ किया गया और तीसरे दिवस शिव का शिवलिंग अस्तिम्यम प्रातः किया, चौथे दिवस पार्वती का जन्म उत्सव मनाया गया तथा पांचवें दिन रूद्र अवतार हनुमान कथा का पाठ किया गया। छठे दिन शिव पार्वती विवाह उत्सव व झाकी,सातवें दिन महराज अर्द्धनाश्वर रूप कथा का आयोजन किया गया। समिति व सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सरपंच सुमित्रा सिंह, बाबूलाल, सिंह, नारायण विश्वकर्मा, विजय पटेल, शिवनारायण सिंह, लल्लू सिंह, नवल सिंह, मोहन सिंह, मान सिंह, करण सिंह, प्रमोद सिंह, आलम राम, विलास वीर, अमर नारायण सिंह, अमोल, साईं संजय, पुष्पेंद्र, विमलेश, भारत सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दो माह से फरार शराब तस्कर ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- 33 पेटी मध्यप्रदेश के शराब मामले में था फरार

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को आज उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब 6 जनवरी से फरार शराब तस्कर सिगन पैकरा ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया।। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि 6 जनवरी को जब संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुनगुरी निवासी सिंगन पैंकरा को 33 पेटी मध्य प्रदेश की गोवा व्हिस्की के साथ रंगे हाथों पकड़ा था परंतु व उस दिन आबकारी अमले को चकमा देकर फरार हो गया था।, उसके घर की तलाशी लेने पर लगभग दो लाख कीमत की 33 पेटी मध्य प्रदेश की अंग्रेजी शराब 297 लीटर जब्त किया गया था। इधर आरोपी ने फरार होकर लगातार अग्रिम जमानत के लिए आवेदन सभी कोर्ट में लगाया परंतु उसे अग्रिम जमानत कहीं नहीं मिला। जबकि बीच-बीच में उड़न दस्ता की टीम उसके घर में जाकर उसकी तलाश की परंतु वह घर से गायब रहता था। आबकारी उड़नदस्ता टीम के भय से आखिरकार वह आत्मसमर्पण करने पर मजबूर हुआ और आज मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्म समर्पण किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को दिलाई गई शपथ

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास और जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू के दिशा निर्देश में नाथू लाल पेट्रोल पंप के समीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पेट्रोल लेने आने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता के तहत लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शत प्रतिशत मतदान करने हेतु सभी आमजन समुदाय को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया। इस दौरान संचालन सहायक नोडल अधिकारी जयराम प्रसाद , सुदर्शन दास, अजय देवांगन उपस्थित थे।

### राशनकार्ड धारकों बांटा गया मोदी की गारंटी वाला थैला



**लखनपुर।** विकासखंड के ग्राम पंचायत कुंवरपुर में सैकड़ों लोगों को मोदी की गारंटी योजना के तहत खाली थैला का वितरण किया गया। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं इसे देखते हुए भाजपा सरकार कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इस दौरान कुंवरपुर पीडीएस दुकान में राशन कार्ड उपभोक्ताओं को राशन कोटेदार श्रीमती संतोषी विश्वकर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता सितेश सिरदार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाले फोटो लगे थैलों का वितरण किया गया। इन थैलों पर एक तरफ पीएम मोदी के चित्र के साथ मोदी सरकार की गारंटी, सभी को अनाज, पोषित समाज, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा अंत्योदय परिवारों को हर महीने 35 किलो राशन, प्राथमिकता परिवारों को प्रति व्यक्ति हर महीने पांच किलो राशन लिखा है।

### जल-जनित संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु दिशा-निर्देश जारी

बलरामपुर। ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में जल-जनित संक्रामक बीमारियों एवं अन्य मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगता है, जिससे बचाव एवं रोकथाम हेतु संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी दिशा-निर्देश के संबंध में कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने सीएमएचओ व सभी बीएमओ को निर्देशित किया है कि जिले में मौसमी बीमारी की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिए जिला व विकासखण्ड स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम का गठन करें। उन्होंने पहुंचविहीन ग्रामों तथा महामारी संभावित ग्रामों की सूची तैयार करने, जल स्त्रोतों की अद्यतन जानकारी व शुद्धिकरण की सतत मॉनिटरिंग करने, स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में महामारी नियंत्रण हेतु आवश्यक दवा की व्यवस्था सुनिश्चित करने, जल स्त्रोतों की नियमित रूप से जल शुद्धिकरण करने, हैंडपंपों में क्लोरीन अथवा क्लोरीन लिक्विड डालने, पहुँच विहीन ग्रामों में आवश्यक दवाई भंडारण करने, संक्रामक रोगों के मरीज की समुचित उपचार की व्यवस्था करने इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

## मुगलसराय डीपो से हर दिन पहुंच रहा 30 टैंकर से अधिक डीजल

# लाभ कमाने कंज्यूमर पम्प संचालक यूपी से मंगा रहे डीजल, करोड़ों के राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वयं के व्यवसायिक उपयोग के लिए दूसरे प्रांत से डीजल-पेट्रोल परिवहन करने की छूट से कंज्यूमर पंप संचालक से हर साल छत्तीसगढ़ सरकार को करोड़ों रूपए वैट की क्षति पहुंचा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में इस संबंध में कोई नियम नहीं होने के कारण कंज्यूमर पंप संचालक छूट का जमकर फायदा उठा रहे हैं। शासन द्वारा बड़े ठेकेदारों एवं कंपनियों को स्वयं के व्यवसायिक उपयोग के लिए कंज्यूमर पंप खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ में डीजल-पेट्रोल के कारोबार के लिए मंदिर हसौद स्थित डीपों से डीजल-पेट्रोल परिवहन कराने का निर्देश है वहीं पेट्रोलियम कंपनियों ने कंज्यूमर पंप संचालकों को यूपी स्थित मुगलसराय डीपो से डीजल-पेट्रोल परिवहन करने की छूट दे दी है। टैक्सेशन लॉ एवं स्टेट टैक्स रेगुलेशन की अवहेलना नहीं होने की स्थिति में देश के किसी भी राज्य में स्थित डीपों से डीजल-पेट्रोल के परिवहन में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन इस छूट से कंज्यूमर पंप संचालक हर साल छत्तीसगढ़ शासन को 300 करोड़ से अधिक राजस्व का चूना लग रहा है। उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोलियम पर 16 प्रतिशत वैट निर्धारित किया गया है जबकि छत्तीसगढ़ में पेट्रोलियम पर 26 फीसदी वैट हैं। कंज्यूमर पंप संचालक यूपी सरकार को वैट का भुगतान करते हैं लेकिन अरबों रूपए के कारोबार पर छत्तीसगढ़ सरकार को राजस्व के नाम पर एक पाई भी नहीं मिलती। खास बात यह है कि धड़ल्ले से चल रहे इस कारोबार की न तो सीमा पर जांच होती है न कोई पूछताछ करने की हिम्मत जुटाता है। राज्य में अधिक वैट होने के कारण छत्तीसगढ़, मप्र एवं उड़ीसा राज्य तक के पंप संचालक इस छूट का फायदा उठा रहे हैं। खुदरा पेट्रोलियम व्यवसायियों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में इस संबंध में नियम होता तो प्रशासनिक अधिकारी जरूर इसकी जांच करते।

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ सरकार को नहीं करते वैट का भुगतान
- जांच नहीं होने से बड़े ग्राहकों से कर रहे कारोबार



**सरगुजा में 2 दर्जन से अधिक कंज्यूमर**

अकेले सरगुजा संभाग में 2 दर्जन से अधिक कंज्यूमर पंप संचालक हैं। छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के कंज्यूमर पंप संचालक भी मुगलसराय डीपो से डीजल-पेट्रोल का परिवहन करते हैं। इंडियन ऑयल ने मुगलसराय डीपो से अप्रैल 2023 से 20 जनवरी 2024 के मध्य कंज्यूमर पंप संचालकों द्वारा 30 हजार 343 मिट्रिक टन डीजल परिवहन करने की बात स्वीकार की है। एचपीसीएल एवं आईसीएल डीपों द्वारा प्रदान किए गए डीजल आपूर्ति को जोड़ दें तो यह मात्रा लगभग 1 साल मिट्रिक टन हो जाती है। ऐसे में हर रोज सरगुजा में 25 हजार लीटर से अधिक यूपी के डीजल को खपाया जा रहा है। कई पेट्रोल पंप संचालक एवं परिवहनकर्ता भी कंज्यूमर पंप संचालक हैं जो बड़े उपभोक्ताओं को 3 रूपए लीटर तक की छूट देकर डीजल का कारोबार कर रहे हैं। मामले में कार्रवाई नहीं होने से शासन को राजस्व की हानि हो ही रही है। खुदरा व्यवसायियों को भी नुकसान हो रहा है। पेट्रोलियम एसोसिएशन बलरामपुर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मामले में कार्रवाई करने की मांग की है

**चल रहा है काम**

कंज्यूमर पंप संचालकों द्वारा मुगलसराय पेट्रोलियम डीपो से डीजल परिवहन करने का मामला संज्ञान में आया है। इस दिशा में विभाग काम कर रहा है तथा जानकारी जुटाई जा रही है।
-मीना मिश्रा
सेलटैक्स अधिकारी

**शासन करे कार्रवाई**

एसोसिएशन द्वारा पूर्व में स्थानीय स्तर से लेकर शासन स्तर तक ज्ञापन सौंप कर स्थिति से अवगत कराया गया था। मामले में शासन को कार्रवाई करना चाहिए।
-राजकुमार अग्रवाल
अध्यक्ष पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन, सरगुजा

**लाइसेंस कंपनी से**

कंज्यूमर पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोलियम कंपनियों से लाइसेंस प्रदान किया गया है। जांच का अधिकार पेट्रोलियम कंपनियों को ही है।
-रविन्द्र कुमार सोनी
जिला खाद्य अधिकारी

## एक आरोपी भेजा गया जेल, अन्य फरार

# जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए करंट से हुई थी फोकली महुआ जंगल में हथिनी की मौत



**अम्बिकापुर/वाड्रफनगर।** रविवार को वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत मेंढारी के फोकली महुआ जंगल में हथिनी की मौत हाईवोल्टेज करंट की चपेट में आने से हुई थी। वन अमले ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा है। वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर अंतर्गत फोकली महुआ जंगल में रविवार को 34 सदस्यीय दल के एक वयस्क हथिनी मृत अवस्था में मिली थी। हथिनी के सूंड एवं पिछले पैर में करंट से झुलसने के निशान पाए गए थे वहीं हथिनी के मुंह से काफी मात्रा में रक्तश्राव हुआ था। वन अधिकारी हथिनी की मौत जहरीला पदार्थ खाने से होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे लेकिन हरिभूमि ने करंट से हथिनी की मौत होने की संभावना जताई थी। वन विभाग की जांच में हथिनी की मौत करंट से होने की पुष्टि हुई है। मामले की जांच कर रहे वनकर्मियों को मुखबिर से गांव के ही कुछ युवकों द्वारा शनिवार की शाम जंगली सुअर का शिकार करने के लिए करंट की बाड़ लगाने की सूचना मिली। सूचना पर वनकर्मियों ने ग्राम फोकली महुआ निवासी जय सिंह उर्फ खीरू पिता चमरू राम (35 वर्ष) को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि जंगली सुअर का शिकार करने उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर हाई वोल्टेज करंट की बाढ़ लगाई थी। बाढ़ में जंगली सुअर नहीं फंसा अलबत्ता करंट के सम्पर्क में आने से हथिनी की मौत हो गई। करंट से हथिनी की मौत होने पर आरोपियों ने जीआई तार के फंदे को भोर में ही हटा दिया। वन अधिकारियों ने आरोपी के घर से हथिनी की हत्या में उपयोग किए गए जीआईता, सब्बल व लकड़ी को जब्त किया है। विभाग ने आरोपियों के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,50 व 51 के तहत अपराध दर्ज कर जय सिंह को रिमाण्ड पर भेजा है जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।


### विवाद में नाती ने किया हमला, नानी की मौत

**दरिमा।** ग्राम पंचायत कर्रा अंतर्गत ग्राम तर्रीडांड़ निवासी बिहानी बाई पति राम नगेसिया (64 वर्ष) से सोमवार को किसी बात को लेकर नाती राजू राम आ. सोमार साय (23 वर्ष) का विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजू राम ने नानी पर डंडे से हमला कर दिया। हमले में बिहानी बाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पएम उपरांत लाल परिजन को सौंपी तथा धारा 302 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा।

## बिजनेस प्लस

### बिड़ला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में हुआ समारोह

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर के एकमात्र इन्टरनेशनल स्कूल का कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ सरगुजा क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा व्यवस्था की कमी को पूर्ण करने के लिए एकमात्र स्कूल यहाँ बच्चों के सर्वांगिण विकास की व्यवस्था की गई है आधुनिक उपकरण से सुसज्जीत इस स्कूल को सरगुजा क्षेत्र को समर्पित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.एनसी अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल व स्कूल के प्रथम छात्र रेयांश राय ने अपने नन्हे हाथों से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अनुठे एवं सराहनीय पहल के साक्षी अभिभावक एवं समस्त सरगुजा क्षेत्र के लोग रहे इस स्कूल के मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण, प्रिंसिपल मोना बरकटिया, असिस्टेंट डायरेक्टर सूरज मित्तल, डायरेक्टर प्रिया गुप्ता द्वारा बच्चों के बीच में आर्ट एवं क्राफ्ट, डांसिंग कम्पटीशन, सिंगींग एवं अनेक तरह के कम्पटीशन को अभिभावको के बीच लाया गया अभिभावकों ने इसे सराहा बिरला ओपन माइंड स्कूल के ऑपरेशन मैनेजर श्री रामलक्ष्मण के बहुत से टिप्स अभिभावक, बच्चों और स्टाफ को दिए गये। इस कार्यक्रम की रूपरेखा राजेश रंजन एवं पवन सिंह द्वारा किया गया।



### चेतक एक्सपीरियंस सेंटर की लॉचिंग

**अम्बिकापुर।** अग्रणी दुपहिया वाहन कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने स्कूटर के क्षेत्र में वापस कदम बढाते हुए अपने सबसे लोकप्रिय मॉडल चेतक के इलेक्ट्रिक मॉडल को लॉच किया है। क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में आज नए चेतक एक्सपीरियंस सेंटर का उदघाटन मनेन्द्रगढ रोड स्थित स्टेट बैक सिटी ब्रांच के पास किया गया। इस अवसर पर शोरूम के संचालक सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यह मॉडल 2 वेरिएंट एवं 6 आकर्षक मेटेलिक एवं नान मेटेलिक रंगों में उपलब्ध है। यह इस श्रेणी की पहली स्कूटर है जो फुल मेटल बॉडी, साइड माउंटेड मोटर, डिस्क ब्रेक, डिजीटल मीटर एवं ऑन बोर्ड चार्जिग जैसी सुविधा से लैस है। यह एक चार्जिंग में 100 किमी तक चलती है इसकी एक्स शोरूम कीमत 115000 रूपए है जो टेस्ट राइड एवं बुकिंग हेतु उपलब्ध है उदघाटन के अवसर पर शो रूम से 24 गाड़ियों की डिलिवरी दी गई ।



हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता
8 March Happy Woman's Day
प्रथम पुरस्कार सोने की अंगूठी | द्वितीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर | तृतीय पुरस्कार डिनर सेट | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रिक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 | एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार
1. अर्जुन पुरस्कार प्राप्त प्रथम महिला ?
2. महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना कब हुई ?
3. आरकन पुरस्कार जितने वाली प्रथम भारतीय महिला ?
4. बुकर पुरस्कार प्राप्त करने वाली प्रथम भारतीय महिला ?
5. मिस वर्ल्ड बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ?
6. दूरदर्शन पर समाचार पढ़ने वाली प्रथम महिला ?
7. राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है ?
8. सुप्रीम कोर्ट की प्रथम महिला जज ?
9. भारत की प्रथम महिला IAS कौन थी ?
10. अन्तरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की सदस्य बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ?
विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :-
पिता/पति का नाम :-
स्थाई पता :-
फोन/मो. नं. :-
शैक्षणिक योग्यता :-
फोटो यहां चिपकाएं

Summer Camp for KIDS छुपा है हर घर में हुनर
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

J.K. GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING B Tech | POLYTECHNIC DIPLOMA | PHARMACY | NURSING | EDUCATION | SCHOOL

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus : Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, Mob. : 9522220113, 9516606123

Rahul Travels
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइज़ी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स (वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड) रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - विनोद पिंजानी 7693055301

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
07774-222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 07818003300, 6262639090

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिज़र्वेशन व स्पेशल रैक्स से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
राशि: स्लीपर- 21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा 91111-11866

online Booking:- www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
स्पेशल ट्रेन से 27 मई से 02 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411